तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री से.
न्यूनतम 28.0 डिग्री से.

हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार 22 जून 2026

10 योग बिना किसी लागत के शारीरिक-मानसिक...



10 युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही सरकार



## खबर संक्षेप

### जींदः तेजधार हथियार से हमला कर किया घायल

**जींद।** गांव बीबीपुर के निकट रंजिशन युवक को बाइक से टक्कर मारने तथा तेजधार हथियार हमला करने पर सदर थाना पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बीबीपुर निवासी अंकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही अक्षय व उसके साथियों से रंजिश चली आ रही है। वह गांव की तरफ आ रहा था। उसी दौरान अक्षय तथा उसके साथियों ने उसे बाइक से टक्कर मार कर गिरा दिया।

### दुल्हन के जेवरात चोरी अज्ञात पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव भौंगरा में बीती रात चोरों ने दुल्हन के सोने व चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भौंगरा निवासी बीरभान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर शाम वह अपने बेटे की दुल्हन लेकर घर लौटे थे। रात को उसने अपनी पुत्रवधु के जेवरात लेकर अलमारी में रख दिए थे। चांदी मंदिर में रखी गई। जब वे सुबह उठे और दुल्हन को तैयार करने के लिए जेवरात ढूंढे तो अलमारी से गायब मिले।

### गांव अहिरका में बाड़े से 12 पशु चोरी, केस दर्ज

**जींद।** गांव अहिरका में बीती रात चोरों ने बाड़े से 11 बकरियों तथा एक बकरे को चोरी कर लिया। बकरी पालक की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव अहिरका निवासी अजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने मकान के साथ बकरियों का बाड़ा बनाया हुआ है। रात को चोरों ने उसके बाड़े से 11 बकरियों तथा एक बकरे को चोरी कर लिया। घटना का सुबह पता चला जब वह बाड़े में पहुंचा। सदर थाना पुलिस ने अजीत की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** सोमनाथ मंदिर के निकट से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सोमनाथ मंदिर के निकट रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जींदः पशुबाड़े से भैंस कटड़ी तथा गाय चोरी

**जींद।** आश्रम बस्ती में बीती रात पशु चोरों ने पशुबाड़े से एक भैंस, कटड़ी तथा गाय को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने पशुपालक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है। आश्रम बस्ती निवासी जगबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने मकान के निकट पशुबाड़ा बनाया हुआ है। बीती रात चोरों ने पशुबाड़े का ताला तोड़ कर एक भैंस, कटड़ी तथा गाय को चोरी कर लिया। घटना का उस समय पता चला जब वह पशुबाड़े में पशुओं को चारा डालने पहुंचा। शहर थाना पुलिस ने जगबीर की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दवा पार्सल की डिलीवरी के बहाने 63 हजार ठगे

**कैथल।** साइबर ठगों ने दवाई के पार्सल की डिलीवरी के बहाने एक युवक को निशाना बनाकर खाते से 63 हजार ठग लिए। पुलिस को दी शिकायत में ढांड की अग्रवाल कॉलोनी निवासी पुलकित गर्ग ने बताया कि उसके छोटे भाई तुषार की आंखों की पुतलियों का इलाज हिसार कैंट स्थित जीवनदीप अस्पताल में पिछले करीब दो साल से चल रहा है। दवाइयां खत्म होने पर उसने 2 जून को डॉक्टर से संपर्क कर घर के पते पर दवाईयां कोरियर से मंगवाई थीं।









**जींद।** परीक्षा केंद्र में जाने से पहले परीक्षार्थियों की जांच करते पुलिसकर्मी व राजकीय महाविद्यालय में बनाए परीक्षा केंद्र में जांच करते एसडीएम सत्यवान मान व बच्चे परीक्षा देने गए तो अभिभावक बाहर इंतजार करते व परीक्षार्थियों की जांच करते पुलिसकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

### कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच नीट परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न, तीन चरणों से होकर गुजरे अभ्यर्थी

# जींद में 2754 ने दी परीक्षा, 264 अनुपस्थित

### पेट्रोलिंग पार्टियां, साइबर टीमों ने रखी निगरानी, तैनात रहा पुलिसबल

**गहनता से जांच, नहीं जाने दी अवांछित सामग्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर में छह परीक्षा केंद्रों पर रविवार को आयोजित की गई नीट परीक्षा कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच संपन्न हुई। तय समय से पहले ही परीक्षार्थी तथा उनके अभिभावक परीक्षा केंद्रों के बाहर एकत्रित होना शुरू हो गए थे। गहनता से जांच के बाद परीक्षार्थी की परीक्षा केंद्र में एंट्री हुई। तय समयानुसार दो बजे परीक्षा शुरू हुई और समापन सवा पांच बजे हुआ। जबकि दिव्यांग छात्रों को अतिरिक्त समय भी दिया गया। इस दौरान परीक्षार्थियों के साथ आए परिजन परीक्षा केंद्रों के आसपास बैठ कर इंतजार करते हुए नजर आए। छह परीक्षा केंद्रों पर कुल 3018 परीक्षार्थियों में से 2754 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे और 264 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। परीक्षा को नकल रहित संपन्न करवाने के लिए भारी संख्या में पुलिसबल तैनात किया गया था। प्रत्येक परीक्षा केंद्र के बाहर तथा अंदरूनी हालातों, डयूटीरत कर्मचारियों पर खूफिया विंग के सदस्य लगातार नजर रखे हुए थे। सेंटरों के बाहर बाहर खड़ी गाड़ियों की जांच की गई। कर्मचारियों से पूछताछ की गई और उनके आई कार्ड भी जांचे गए। परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए परीक्षार्थियों को तीन चरणों की जांच से होकर गुजरना पड़ा। नकल रहित परीक्षा करवाने के तहत सभी परीक्षा केंद्रों के बाहर धारा 163 लागू रही और परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थापित सभी फोटो स्टेट, कोचिंग सेंटरों को बंद करवा दिया गया। सुबह 11 बजे से परीक्षा केंद्र में एंट्री टाइम शुरू था। ठीक समय पर परीक्षा केंद्र पर एंट्री शुरू हुई। पहले निजी कंपनी के नुमाइंदों द्वारा परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड व आधार कार्ड जांचे गए। इसके बाद गेट पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा गहनता से जांच किए जाने के बाद परीक्षार्थियों को अंदर जाने दिया गया। फिर परीक्षार्थी की बायोमेट्रिक व अन्य कागजातों की जांच हुई और तब जाकर परीक्षार्थी की परीक्षा केंद्र में एंट्री हुई। परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में पानी की बोतल, एडमिट कार्ड ले जाने की ही इजाजत थी। कोई अवांछित सामग्री अंदर न पहुंचे इसके लिए महिला परीक्षार्थियों को भी जांचने का काम किया गया। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसी टीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन तथा अन्य आवश्यक तकनीकी प्रबंध सुनिश्चित किए गए थे। कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, गैजेट या अन्य प्रतिबंधित वस्तु परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नही थी। गलत परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे परीक्षार्थियों ने एसडीएम ने पहुंचाया अपनी गाड़ी में कुछ परीक्षार्थी गलत परीक्षा केंद्रों पर नीट परीक्षा केंद्र पर पहुंचे। मौके पर मौजूद रहे एसडीएम सत्यवान मान ने इन परीक्षार्थियों को अपनी गाड़ी के माध्यम से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने का काम किया। समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने पर परीक्षार्थियों ने एसडीएम सत्यवान मान का धन्यवाद किया। नीट की परीक्षा देने आई परीक्षा लकी व तमन्ना ने एक सुर में कहा कि उन्होंने परीक्षा को लेकर बहुत मेहनत की है। पिछली बार भी परीक्षा दी थी लेकिन पता चला कि परीक्षा लीक हो गई है। वो निराश हुए। फिर से उन्होंने परीक्षा को लेकर तैयारी की और आज फिर परीक्षा दी है। बस अब रिजल्ट आना चाहिए और परीक्षा पत्र लीक जैसा कोई समाचार नही मिलना चाहिए।



**जींद।** परीक्षा केंद्र में जाने से पहले परीक्षार्थियों की जांच करते पुलिसकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

#### स्पेशल बसें भी चलाई

सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। परीक्षा को लेकर परिवहन विभाग द्वारा स्पेशल बसें भी चलाई गई थी। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने को लेकर कर्मियों की तैनाती की गई थी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम तैयार रही। परीक्षा को लेकर तैनात की गई पांच पेट्रोलिंग पार्टियां गश्त करती रही। परीक्षा सुचारु रुप से करवाने के लिए साइबर टीम अलग से तैनात रही।

#### पारदर्शी एवं नकल रहित तरीके से संपन्न करवाया

डीसी डा. वैशाली ने बताया कि नीट परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकल रहित तरीके से संपन्न करवाया गया है। परीक्षा को संपन्न को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए थे। कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों में बिना चैक किए प्रवेश नहीं कर पाया है।



**कैथल।** डीसी अपराजिता परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

## कैथलः 5 केंद्रों पर 1713 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**कैथल।** नीट परीक्षा रविवार को जिला कैथल में शांतिपूर्ण एवं नकल रहित सम्पन्न हुई। जिले में सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रशासन की ओर से पुख्ता प्रबंध किए गए थे। डीसी अपराजिता ने रविवार को नीट परीक्षा के दौरान विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीसी ने सबसे पहले कमेटी चौक स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित परीक्षा का निरीक्षण किया।

इसके बाद डीसी गीता भवन स्तिथ राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुँची, जहां नीट की परीक्षा दे रहे बच्चों के कमरों में सभी व्यवस्था सुनिश्चित की। मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि जिले में कुल 5 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। इन केंद्रों पर 1876 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी, जिनमें से 1817 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 163 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया गया और सभी केंद्रों पर सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे, जैमर तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अनियमितता या नकल की सूचना नहीं मिली है।

## जींद को एनसीआर से बाहर करने की मांग

### उद्योगों पर पड़ रहा प्रतिकूल असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

जींद जिले को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से बाहर करने की मांग को लेकर व्यापारियों एवं वाहन कारोबार से जुड़े लोगों ने जिले के जनप्रतिनिधियों से मुद्दे को विस में उठाने की अपील की है। व्यापारियों का कहना है कि जींद के एनसीआर में शामिल होने से अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में नुकसान उठाना पड़ रहा है। कहना है कि एनसीआर के नियमों का सबसे अधिक असर ईंट-भट्टा उद्योग, छोटे उद्योगों तथा वाहन कारोबार पर पड़ रहा है। ऑटो, ट्रक और अन्य व्यावसायिक वाहनों की आयु सीमा के कारण कारोबार प्रभावित हो रहा है। जहां पड़ोसी क्षेत्रों में वाहन 15 वर्ष तक संचालित हो सकते हैं, वहीं जींद जिले के एनसीआर क्षेत्र में आने के कारण वाहन अपेक्षाकृत कम समय में ही बाहर हो जाते हैं। इससे वाहन मालिकों व कारोबारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उचाना मंडी के यूनियन प्रधान राजेश श्योकंद, दीपक कापड़ो, दीपक बंसल, हिमांशु बंसल, सतकुमार, शीशपाल श्योकंद, संजय जैन,जयपा, कृष्ण जींद, अनिल , नरवाना से सुभाष चहल, सतीश ने कहा कि एनसीआर के नियमों से गाड़ियों का कारोबार ठप हो चुका है।




**कैथल।** हमला कर चोटे मारने के मामले में सीआईए-1 पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### युवक को चोटे मारने के दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस ने थाना सिविल लाइन क्षेत्र में दर्ज युवक पर हमला करके चोटे मारने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि तरसेम निवासी गांव सेरधा, हाल निवासी ऋषि नगर, कैथल की शिकायत अनुसार वह 5 मई की सुबह लगभग 8 बजे कोर्ट में जा रहा था। जब कोर्ट रोड स्थित एक चौक के पास पहुंचा तो एक गाड़ी ने उसकी मोटरसाइकिल के आगे कट मारकर रास्ता रोक लिया। गाड़ी में सवार 6-7 व्यक्तियों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि उनमें से एक व्यक्ति ने उसे हथियार दिखाकर धमकाया, जबकि अन्य व्यक्तियों ने गंडासी और डंडों से उस पर हमला कर दिया। हमले में शिकायतकर्ता के सिर तथा टांगों पर गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में उसने मौके से भागकर अपनी जान बचाई और बाद में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उक्त बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई जसबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी सिसमौर निवासी भारत उर्फ मोंटी तथा टीक निवासी अंकुश को गिरफ्तार कर लिया गया।

## नागरिक अस्पताल के जीर्णोद्धार का कार्य 30 तक पूरा करने के निर्देश

- पूरे कार्य का पहले व बाद की एचडी क्वालिटी में भेजनी होगी फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में पिछले आठ महीने से चल रहे रेनोवेशन का कार्य अभीतक पूरा नही हो पाया है। जिससे स्वास्थ्य अधिकारियों, स्टाफ, मरीजों व तिमारदारों को परेशानी का सामना करना पउ.रहा है। हालांकि रेनोवेशन का यह कार्य वैसे तो जनवरी महीने में ही पूरा होना था लेकिन आज तक यह जारी है। अब स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक ने 30 जून तक यह सभी कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक ने पूर्ण हुए कार्य का पहले व पूर्ण होने के बाद का एचडी क्वालिटी में फोटो भी मांगा है। अपने पत्र में स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक ने कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार समझौता नहीं होना चाहिए। नागरिक अस्पताल में पिछले आठ माह से 12 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सुधार कार्य कराए जा रहे हैं। यह कार्य जनवरी महीने तक ही पूरा होना थाए लेकिन आज तक पूरा नहीं हुआ है। जिस दिन से यह कार्य शुरू हुआ था, उसी दिन से इसको लेकर सवाल उठ रहे हैं। अभी तक बारिश का मौसम नहीं आया है लेकिन बीच में हुई हल्की बारिश के कारण ही इसकी छतों से पानी टपकने लगता है।

#### विजिलेंस जांच चल रही

नागरिक अस्पताल के जीर्णोद्धार का काम शुरू हुआ है तभी से इस पर सवालिया निशान उठाए जा रहे हैं। इसकी विजिलेंस जांच भी हो चुकी है। एडवोकेट सुनील कुमार ने विजिलेंस को दी अपनी शिकायत में कहा था कि जब बिल्डिंग पूरी तरह से कंडम है तो फिर इस पर जो पैसे लगाए जा रहे है, वह व्यर्थ हैं। यह कार्य अक्टूबर माह में शुरू हुआ था। काम जल्द से जल्द पूरा करने को लेकर विभाग को कई बार समय सीमा दी गई थी। पहले 10 नवंबर 2025 और 30 नवंबर 2025 तक काम पूरा करने की अंतिम तिथि तय की थी लेकिन आज भी कार्य अधूरा पड़ा है।

### बिजली निगम का खंभा ऊपर गिरने से हुई थी घायल, परिवार पर टूटा दुःखों का पहाड़, याददाश्त खोने का सता रहा भय

# तीन दिन से जिंदगी और मौत से लड़ाई लड़ रही बढ़सीकरी खुर्द की सौलह वर्षीय छात्रा स्नेहा की बिजली निगम ने नहीं ली सुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

**फालोअप**

कलायत के गांव बढ़सीकरी खुर्द की 16 वर्षीय बेटी स्नेहा 3 दिन से जिंदगी और मौत के बीच लड़ाई लड़ रही है। परिजनों के अनुसार छात्रा याददाश्त खोने का भी अंदेशा है। छात्रा स्नेहा फिल्हाल किसी को न तो पहचान पा रही है और न कुछ बोल रही। छात्रा के पिता आटो चालक सत कुमार ने बताया कि घटना का कारण गली में खड़ा करीब 40 वर्ष पुरान बिजली निगम का पुराना व जर्जर खंभा बताया जा रहा है। जैसे ही छात्रा स्नेहा किसी कार्य से गली से निकल रही थी तो अचानक बिजली का पोल टूट कर स्नेहा पर गिर गया। खून से लथपथ बेटी को आसपास के लोगों ने भारी मशक्कत के बाद पोल के नीचे से निकाला। बेहोशी की हालत में उसे अस्पताल में ले जाया गया। उसी समय से बेटी की हालत नाजुक बनी है। अब कैथल के एक निजी अस्पताल में उपचार जारी है। सत कुमार ने बताया कि वह ऑटो चलाकर परिवार का गुजर बसर करता आया है। घर में केवल दो बेटियां हैं। तथा उसकी पत्नी ने हमेशा बेटियों को ही अपने बेटे माना है। बिजली पोल के कारण जो घटना घटी उससे परिवार सहमा है।



#### अधिकारी रजाई तानकर सोए

बिजली निगम की सरासर लापरवाही के कारण एक बेटी जिंदगी और मौत से लडाई लड रही है तथा परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूटा है लेकिन बिजली निगम के अधिकारी लंबी तान कर सोए हुए हैं। घटना के तीन दिन बीतने के बावजूद रविवार तक बिजली निगम के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने अस्पताल पहुंचकर बेटी के कुशल क्षेम जानने तक की भी जहमत नहीं उठाई।

#### गुहार के बाद भी नहीं बदला खंभा

सतकुमार ने बताया कि गली में करीब 40 साल से खड़े बिजली के जर्जर खंभे को बदलने को लेकर उन्होंने गांव के बिजली निगम के फोरमैन अनिल को कहा था लेकिन आज तक भी यह खंभा नहीं बदला गया है। हैरत की बात यह भी है कि निगम प्रतिवर्ष पुराने खंभे व तारों को बदलने के लिए करोडों का बजट खर्च करता है। ऐसे में जर्जर खंभे को न बदला जाना निगम की सरासर लापरवाही को दर्शाता है।

#### करवाएंगे आपरेशन

समाज सेवी सुशील कुमार ने बताया कि चिकित्सकों ने छात्रा स्नेहा की याद्दास्त जाने की आशंका जताई है। ऐसे में चिकित्सकों ने उसका आपरेशन करने की सलाह दी है। अब वे परिजनों के साथ बातचीत कर बेटी का आपरेशन करवाएंगे ताकि उसे नई जिंदगी मिल सके।

### 60 नशीली टैबलेट, 428 ग्राम नशीला घोल, पांच सिरिंज व फेनिरामाइन की भरी शीशी बरामद

**कैथल।** चीका पुलिस द्वारा द्वारा प्रतिबंधित 60 नशीली टैबलेट, 428 ग्राम नशीला घोल, 5 सिरिंज व फेनिरामाइन की भरी शीशी सहित आरोपी को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की थाना चीका पुलिस प्रभारी एसआई प्रवीन कुमार की अगुवाई में पीएसआई विक्रम सिंह की टीम को गुप्त सूचना मिली कि सलेमपुर गुहला निवासी सुनील सैनी चीका से पटियाला रोड स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान की आड़ में नशीली गोलियां बेचने का काम करता हैं जिसे रेड कर काबू किया जा सकता हैं सूचना के आधार पर कार्रवाई करते रेड की गई। पुलिस टीम को देखकर संदिग्ध भागने का प्रयास करने लगा, जिसे तत्परता दिखाते काबू कर लिया गया। सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार गुहला बलराज के समक्ष ली तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे में स्कूटी से पॉलीथिन व कपड़े के थैले की तलासी ली।

## खबर संक्षेप

### नरवाना में बंदरों और आवारा पशुओं का आतंक

**नरवाना।** नरवाना शहर में आजकल आवारा पशुओं और बंदरों के आतंक से शहर वासी बहुत परेशान हैं उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं। गौवंश तो शहर में बनी गौशाला की उदासीनता के चलते परेशान हैं, सरकार द्वारा लाखों रुपए हर वर्ष चदे के रूप में दिये जाने के बाद भी उन आवारा गौवंश को गौशाला में रखने को तैयार नहीं है जिस कारण वो शहर में आवारा घुमने को मजबूर हैं फिर सरकार द्वारा दिया गया पैसा और लोगों द्वारा दिया गया चंदा कहां जाता है कुछ समय पहले कैबिनेट मंत्री गौशाला वालों चैक देकर गए थे फिर गौवंश शहर की गलियों में आवारा घुम रहे हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक घायल

**कैथल।** गुहला में खरका मोड़ के पास अज्ञात वाहन चालक की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसकी दाहिनी टांग टूट गई। घायल को पहले गुहला के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे राजेंद्र अस्पताल, पटियाला रेफर कर दिया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी शिकायत में दुसेरपुरा निवासी 50 साल के भाना राम ने बताया कि वह अनाज मंडी में पलेदारी का काम करता है।

### जींदः जेसीआई एल्यूमिनी क्लब ने फादर डे मनाया

**जींद।** जेसीआई एल्यूमिनी क्लब द्वारा रविवार को हर्षोउल्लास के साथ फादर डे मनाया गया। जिसमें शहर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं जेसीआई के सभी सदस्य के माता-पिता के घर-घर जाकर उनकी लंबी आयु की कामना की। इस अवसर पर क्लब की और से सभी बुजुर्गों को एक एक स्मृति चिन्ह एवं संस्था की तरफ से शुभकामनाओं सहित एक यादगार गिफ्ट हैम्पर दिया गया। जिसमें सभी सदस्यों के माता-पिता एवं संस्थाओं के पदाधिकारीयों ने इस कार्य की जमकर प्रशंसा व सराहना की।

### लंबित मांगों के समाधान के लिए गरजेंगे स्वास्थ्य कर्मी

**जींद।** बहु उद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो .ने आगामी पांच जुलाई के प्रस्तावित रोष प्रदर्शन की तैयारियों को तेज कर दिया है। एसो . की प्रदेश अध्यक्ष शर्मिला देवी एवं प्रवक्ता संदीप कुंडू ने छह जिलों के किए गए दौरे के बाद जारी प्रेस बयान में बताया कि प्रदेश भर में कर्मचारियों में सरकार एवं विभाग की ढुल.मुल रवैए के खिलाफ रोष है जो कि बड़े आंदोलन का रूप भी ले सकता है। राज्य उपाध्यक्ष सुदेश रानी, वित्त सचिव धर्मबीर सिंह ने बताया कि राज्य कमेटी जिला रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, सोनीपत, जींद एवं गुरुग्राम का दौरा कर कर्मचारियों में हौसला भरा है।

### जमीन खरीद-फरोख्त के नाम पर ठगी, केस दर्ज

**कैथल।** जिले में जमीन खरीद-फरोख्त के नाम पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। गुहला पुलिस को दी शिकायत में गांव सदोपुर के किसान जसबीर सिंह ने बताया कि साल 2007-08 और 2009-10 के दौरान उसके पिता और चाचा ने अपनी पुश्तैनी जमीन बेचकर मिली राशि से गुहला-चीका क्षेत्र में कृषि भूमि खरीदने का निर्णय लिया था। इसी दौरान उसके भतीजे के साले प्रॉपर्टी डीलर व बिल्डर भूपेंद्र सिंह ने जमीन खरीदने में मदद का भरोसा दिलाया। रिश्तेदार होने के कारण परिवार ने उस पर विश्वास कर लिया।

### एसआईआर से शिक्षकों पर बन रहा अनावश्यक दबाव

**जींद।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जींद कार्यकारिणी की ऑनलाइन बैठक जिला प्रधान जितेंद्र बैनीवाल और महासचिव अश्वनी नैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन और शिक्षा अधिकारियों द्वारा एसआईआर के कार्य की समय सीमा 15 जुलाई तक होते हुए भी शिक्षकों को यह कार्य जल्दी से जल्दी पूरा करने के लिए पांच दिन में ही हर दिन दो बार गुगल फार्म भरने और कार्य की प्रगति का अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है।

---

### नई अनाज मंडी में उपमंडल स्तरीय 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे रामकुमार गौतम

# योग बिना किसी लागत के शारीरिक-मानसिक बीमारियों का इलाज करने में सक्षम : विधायक

### *योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि योग करने से शरीर में आई अनेकों बीमारियां ठीक हो जाती है। जीवन स्वस्थ होता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ आत्मा निवास करती है। स्वस्थ शरीर में ही सब स्वस्थ होता है और उसमें योग का सबसे बड़ा योगदान है। योग व्यक्ति के मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से समग्र विकास करने के लिए पर्याप्त है। विधायक रामकुमार गौतम रविवार को स्थानीय नई अनाज मंडी में उपमंडल प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नई अनाज मंडी में आयोजित उपमंडल स्तरीय 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी को भी लाइव सुना गया। कार्यक्रम में लगभग 1250 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर योग और प्राणायाम किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कलीराम पटवारी, जसबीर देशवालख मार्केट कमेटी सफीदों के चेयरमैन चंद्र सैनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि भारत में योग का इतिहास सदियों पुराना रहा है। भाजपा की सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी दुनिया को योग की महत्ता से परिचित करा कर विश्व पटल पर चमकाने का काम किया है। योग न केवल कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित होता है बल्कि मानसिक तनाव को खत्म कर आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। दरअसल यह एक ऐसी साधना ऐसी दवा है जो बिना किसी लागत के शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग की महत्ता को विश्व स्तर पर नई पहचान दिलाई है। उनके प्रयासों से आज पूरी दुनिया योग के महत्व को समझ रही है और इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना रही है। योग ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई प्रतिष्ठा दिलाई है। विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में लोगों को अनेक शारीरिक और मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में योग एक प्रभावी माध्यम बनकर सामने आया है। जो व्यक्ति को स्वस्थ और तनावमुक्त जीवन प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि योग न केवल कई गंभीर बीमारियों से बचाव और उनके प्रभाव को कम करने में सहायक सिद्ध होता है बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है। उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। विधायक रामकुमार गौतम एवं एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने मंडी परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।


जींद। शिविर में योग करते सफीदों विधायक रामकुमार गौतम।


योग साधकों को सम्मानित करते स्टेट फार्मेसी काउंसिल के वाइस चेयरमैन टीपू सिंह पौडिया।



जींद। टीम को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### पिल्लूखेड़ा में मनाया योग दिवस

हरियाणा स्टेट फार्मेसी काउंसिल के वाइस चेयरमैन टीपू सिंह पौडिया ने कहा कि योग केवल ध्यान या व्यायाम क्रिया नही है बल्कि मानव शरीर के समूचे अंग का विकास इसमें छिपा है। वर्तमान समय में दुनिया के हर क्षेत्र में भारत अपनी विद्या और प्रतिभा को साझा कर रहा है। योग बेहद लाभकारी है। हमें योग को अपनी दिनचर्या का प्रमुख अंग बनाना चाहिए ताकि हम खुद को स्वस्थ रख सकें। हरियाणा स्टेट फार्मेसी काउंसिल के वाइस चेयरमैन टीपू सिंह पौडिया 12वें योग दिवस के उपलक्षमें पिल्लूखेड़ा की नई अनाज मंडी में आयोजित खंड स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डा. वंदना रही तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रवीन कुमार ने की। कार्यक्रम में 800 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### गोपाल विद्या मंदिर स्कूल में योग दिवस मनाया

**जींद।** विद्या भारती हरियाणा व हिंदू शिक्षा समिति से संबद्ध गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य अजय कौशिक सहित सभी शिक्षक बंधु, भगिनी ने भी योगासन व प्राणायाम का आनंद प्राप्त किया। प्रबंध समिति की तरफ से प्रधानाचार्य ने आईएनओ टीम के सदस्यों का अभिनंदन व स्वागत किया। सम्पूर्ण विद्यालय परिवार द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सुवसर पर प्राणायाम व योगासन किए गए। योग दिवस कार्यक्रम में बिजेंद्र शास्त्री द्वारा योग प्रशिक्षक के रूप में नेतृत्व किया गया। उन्होंने अपने संदेश में योग को जीवन का मूलाधार बतलाते हुए कहा कि अष्टांग योग हमारे ऋषियों की ही देन है।

### योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया

**नरवाना।** रविवार को उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के निर्देशानुसार एवं स्वस्थ आयु के लिए योग की भावना को साकार करते हुए राजीव गांधी सनातन धर्म सह-शिक्षा महाविद्यालय, नरवाना में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह, अनुशासन एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या, प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य गीत के साथ किया गया। योग प्रशिक्षक कनिका मित्तल के निर्देशन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया।

### कंडेला में युवाओं ने किया पौधरोपण

**जींद।** गांव कंडेला में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा अक्षय कंडेला ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण करना भी हमारी जिम्मेदारी है। अधिक से अधिक पौधे लगा कर ही हम पर्यावरण को प्रदूषण से बचा सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण दे सकते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा लगा उसका पेड़े बनने तक देखभाल करने का संकल्प ले और प्रकृति संरक्षण में अपना योगदान दें। इस मौके पर गीता शर्मा, सोनू कंडेला, परमजीत, साहिल, कमल, शुभम, हैप्पी आदि मौजूद रहे।


जींद। घौंसले वितरित करते संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### योग के महत्व बारे में दी जानकारी

**उचाना।** स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म विद्यालय उचाना मंडी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्थान के निदेशक विनोद वशिष्ठ, बीएड एंड डीएड कॉलेज प्राचार्य डॉ. महावीर, एसडी महिला महाविद्यालय प्राचार्या अंजू श्योकंद, श्री शिव मंदिर सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रधानाचार्य रणधीर शास्त्री, एसजीएसडी विद्यालय प्रधानाचार्या अनीता एवं सभी संस्थानों के अध्यापक, अध्यापिकाएं उपस्थित रहे। योगाचार्य सतपाल पालवां ने इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के अनुरूप लगभग 102 योग साधकों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करवाया।योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते सभी को नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया।


जींद। शिविर में रक्तदान करते युवा। फोटो :हरिभूमि


जींद। कंडेला में पौधरोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### अभियान के तहत घौंसले वितरित किए

**जींद।** जयंतपुरी फाउंडेशन द्वारा रविवार को जींद में गौरैया चिड़िया बचाओ अभियान के दुसरे सप्ताह की शुरुआत हुई है। आधुनिकता की दौड़ में गौरैया चिड़िया की संख्या शहरों मे नाम मात्र ही रह गई है। आजकल प्रजन्न का समय है, इसी को ध्यान में रख कर जयंतपुरी फाउंडेशन द्वारा हर घर घौंसला अभियान की शुरुआत की गई है। प्रथम चरण में 1000 घौंसलों का लक्ष्य रखा गया है। दूसरे चरण मे इसे और गति प्रदान करेंगे। प्रथम सप्ताह में रुप नगर में यह अभियान डिप्टी स्पीकर हरियाणा प्रतिनिधि रुद्राक्ष मिड्ढा व जयंतपुरी फाउंडेशन अध्यक्ष सुरेन्द्र धवन के नेतृत्व में चलाया गया था। दूसरे सप्ताह में जैन नगर झांज गेट पर चलाए गए अभियान की कमान आज प्रधान सुरेंद्र धवन के नेतृत्व में पुरी टीम ने संभाली। विनोद सैनी व दीपक धींगडा इस अभियान के प्रकल्प निदेशक रहेंगे।


उचाना। योग दिवस पर योग करते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### शिविर में 36 यूनिट रक्त एकत्रित

**जींद।** जलालपुर कलां गांव में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 36 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एचपीसीएल के वरिष्ठ प्रबंधक राजीव कुमार ने शिरकत की। जबकि अध्यक्षता मार्केटिंग बोर्ड के एसई नवीन दहिया ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में राष्ट्रपति अवार्डी सुभाष ढिगाना, नंदीशाला समिति के सचिव नंबरदार जयभगवान तथा रिटायर्ड एलडीएम पीएनबी बीएम पवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में सहायक बन सकता है। समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय.समय पर रक्तदान कर मानव सेवा में अपना योगदान देना चाहिए।


जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा तैयार करवाए वाटर कूलर के साथ।

### भीषण गर्मी में कुलदीप रंधावा बने राहत का सहारा

**उचाना।** बढ़ती गर्मी और पेयजल की समस्या के बीच जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा ने जनहित की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए अपने निजी कोष से करीब 6 लाख रुपये खर्च कर विभिन्न गांवों और सरकारी स्कूलों में पानी फिल्टर युक्त वाटर कूलर भेंट करने का निर्णय लिया है। इस पहल से हजारों ग्रामीणों, विद्यार्थियों और आमजन को गर्मी के मौसम में स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। लोधर, निडाना, घसो खुर्द, ईगराह, बरसाना, कर्मगढ़, जामनी, पांडू पिंडारा, पोकरी खेड़ी और फतेहगढ़ (छैने) सहित कई गांवों में वाटर कूलर स्थापित किए जाएंगे। लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों और स्कूलों में ठंडे पेयजल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे देखते हुए यह कदम उठाया गया है। ग्रामीणों ने इस जनहितकारी कार्य के लिए कुलदीप रंधावा का आभार जताते हुए कहा कि भीषण गर्मी में बच्चों को स्वच्छ और ठंडा पानी उपलब्ध होना बेहद जरूरी है। इससे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को लाभ मिलेगा और उन्हें गर्मी से राहत मिलेगी। कुलदीप रंधावा ने कहा कि जनसेवा उनके जीवन का उद्देश्य है।

## हुनर निरंतर निखारने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गोपाल विद्या मंदिर प्रांगण में हरियाणा कला परिषद एवं सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का भव्य समापन समारोह आयोजित किया। कार्यशाला में ग्रामीण अंचल की 50 प्रतिभागी बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त प्राध्यापिका डा. सुधा मल्होत्रा उपस्थित रही। संबोधन में कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नही बल्कि आत्मिक विकास और साधना का मार्ग भी है। निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण से ही एक कलाकार सच्चा साधक बनता है। प्रतिभागियों को कला के माध्यम से जीवन में सकारात्मकता, संवेदनशीलता एवं रचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि अजय कुमार तथा कला विशेषज्ञ राजेश भारद्वाज ने प्रतिभागियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों का अवलोकन किया और उनकी रचनात्मकता की मुक्त कंठ से सराहना की। कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी सुदृढ़ करती हैं। समारोह में बालिकाओं को सिलाई प्रशिक्षण प्रदान करने वाली पूनम भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बालिकाओं को कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता के महत्व से अवगत कराया तथा उन्हें अपने हुनर को निरंतर निखारने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को चित्रकला की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षक दीपक कौशिक एवं सुमित ने विद्यार्थियों को चित्रांकन की बारीकियों से अवगत कराया तथा उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।





जींद। घर पर झंडा फहराते विकास सिहाग। फोटो :हरिभूमि

### जजपा के सेल्फी विद चाबी अभियान का जबरदस्त क्रेज : विकास

**जींद।** युवा जजपा के प्रदेश महासचिव विकास सिहाग ने कहा कि जजपा ने युवाओं को जोड़ने के लिए सेल्फी विद चाबी अभियान चलाया है। जिसका क्रेज युवाओं में साफ देखने को मिल रहा है। अभियान का उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं में संगठन के प्रति उत्साह व एकजुटता को बढ़ावा देना है। जिसकी शुरूआत जजपा के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने 20 जून से की है। यह अभियान 10 जुलाई तक चलेगा। उन्होंने कहा कि जजपा कार्यकर्ता अपने घर, कार्यालय और वाहनों पर पार्टी का झंडा लगाएंगें। कार्यकर्ता झंडे के साथ सेल्फी लेकर अभियान से जुड़ेंगें। उन्होंने कहा कि झंडा केवल एक प्रतीक नही बल्कि पार्टी की विचारधारा, संघर्ष और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब हर कार्यकर्ता इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएगा, तब संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा जनता के बीच सकारात्मक संदेश पहुंचेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेशभर के कार्यकर्ता अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में बोले

# युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है और पूरी शिक्षा व्यवस्था को अव्यवस्था की ओर धकेल रही है। नीट जैसी देश की प्रतिष्ठित परीक्षा में बार-बार पेपर लीक होना इस बात का प्रमाण है कि केंद्र सरकार परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने में पूरी तरह विफल रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुररविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि लाखों छात्र व छात्राएं मेहनत के बाद परीक्षा में बैठते हैं लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाओं से उनकी मेहनत और भविष्य दोनों पर सवाल खड़े हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली में लगातार हो रही गड़बडिय़ों और मानसिक तनाव के कारण अनेक छात्र अपनी जान गंवा चुके हैं, जो बेहद दुखद और चिंताजनक है। उन्होंने मांग की कि इस मुद्दे पर आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजनों को सरकार एक.एक करोड़ रुपये का मुआवजा दे ताकि पीड़ित परिवारों को आर्थिक संबल मिल सके। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को तत्काल भंग किया जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराई जाए ताकि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इस मुद्दे को मजबूती से उठा रहे हैं और देशभर के युवाओं की आवाज बनकर सरकार से जवाब मांग रहे हैं। कांग्रेस पार्टी युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नही करेगी और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी। आंदोलनों की धरती जींद से कांग्रेस के आगामी आंदोलन का ऐलान करते रिषिपाल ने कहा कि कांग्रेस युवाओं की लड़ाई को सड़क से लेकर संसद तक मजबूती के साथ लड़ेगी। जब तक परीक्षा प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी और भरोसेमंद नही बनती तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं होती तब तक कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।


जींद। पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर धर्मबीर गोयत, राजू लखीना, वजीर गंगोली, सुखा मलिक, पवन दूहन, राजा कंडेला, सुनील भट्टी, ईशाक भट्टी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।


बनभौरी धाम यात्रा को हरी झंडी दिखाकर कर रवाना करते सरदार हरचरण सिंह।

### बनभौरी धाम के लिए बस रवाना

**नरवाना।** अग्रवाल जन जागरण मंच (रजि.) नरवाना के तत्वावधान में सिंगला परिवार द्वारा बनभौरी धाम के लिए निशुल्क बस यात्रा की जनसेवा निरंतर जारी है। इस बार सिंगला परिवार द्वारा अपने दिवंगत पिता स्व. लाला धर्मपाल सिंगला की स्मृति में बनभौरी धाम के लिए 55वीं निशुल्क बस यात्रा को त्रिवेणी चौक, हुड्डा मार्केट से नरवाना शहर के प्रमुख समाजसेवी एवम नरवाना वेलफेयर मंच के संयोजक हरचरण सरदार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। दयाकिशन द्वारा समाजसेवी सरदार हरचरण को पटका पहनाया गया। नरवाना वेलफेयर मंच के संयोजक समाजसेवी हरचरण द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि सिंगला परिवार के द्वारा अपने पिता की स्मृति में कई वर्षों से चलाई हुई निशुल्क बनभौरी धाम बस यात्रा का लाभ आज समस्त नरवाना वासियों को मिल रहा है इस बस यात्रा में कोई भी जन माँ बनभौरी धाम जा सकता है।

## आज 200 से अधिक देश योग पद्धति को अपना रहे, योग से करें अपने दिन की शुरुआत

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा विश्व अपना रहा योग पद्धतिः वेदपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका


गुहला-चीका। हरियाणा राज्य कृषि मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन वेदपाल एडवोकेट को सम्मानित करते पदाधिकारी।

हरियाणा राज्य कृषि मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन वेदपाल एडवोकेट ने कहा कि हमें अपने दिन की शुरुआत योग से करनी चाहिए। योग को हम अपनी दिनचर्या में शामिल कर अपने आप को स्वस्थ रख सकते है। योग हमारे मन को भी मजबूत व स्वस्थ बनाता है। चैयरमैन वेदपाल एडवोकेट रविवार को अनाज मंडी चीका में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि के रूप में शामिल होकर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर नायब तहसीलदार बलराज मलिक व चीका मार्किट कमेटी के चेयरमैन जगमाल राणा ने उनका स्वागत किया। चैयरमैन वेदपाल एडवोकेट ने सबसे पहले दीप प्रज्जवल कर नमन कर किया, इसके बाद उन्होंने कार्यक्रम शामिल होकर योगाभ्यास किया।

हरियाणा राज्य कृषि मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन वेदपाल एडवोकेट ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज पूरा विश्व योग को अपना रहा है। लोगों में योग के प्रति ओर अधिक जागरूकता बढ़ी तथा लोगों ने योग को अपने जीवन से जोड़ा। उन्होंने कहा कि आज 200 से अधिक देश योग पद्धति को अपना रहे है। आज के दिन पूरे विश्व में योग दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। चैयरमैन वेदपाल एडवोकेट ने कहा कि योग के साथ-साथ हमारी आयुर्वेद चिकित्सा भी विश्व प्रसिद्ध है। आयुर्वेद के उपचार से बड़ी से बड़ी बीमारियों से बचा जा सकता है। आयुर्वेद का उल्लेख हमारे प्राचीन वेदों व ग्रंथों में भी किया गया है। कार्यक्रम के दौरान पतंजलि जिला प्रभारी आचार्य हरिओम ने सबसे पहले सभी को अनुशासन योग का अभ्यास करवाया। इसके बाद उन्होंने सभी को ताड़ासन, अर्धचक्रासन, वज्रासन, मक्रासन, भुजंगासन, त्रिकोण आसान, मंडूक आसान, कपालभारती, पवनमुक्त आसान अनुलोमविलोम सहित अनेक आसान करवाए गए। योगाभ्यास के साथ आचार्य डॉ हरिओम ने सभी को योग के महत्व के बारे में भी जानकारी दी कार्यक्रम के अंत में नायब तहसीलदार बलराज मलिक व नोडल अधिकारी डॉ कमलेश भाणा ने मुख्यअतिथि को स्मृति चिन्ह व पोधा देकर सम्मानित किया। पर्यावरण सरंक्षण के मद्देनजर वन विभाग के अधिकारियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को पौधे वितरित किए गए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर इस अवसर पर नायब तहसीलदार बलराज मलिक तहसीलदार, मार्किट कमेटी चीका के चैयरमैन जगमाल राणा, मार्किट कमेटी पूंडरी के वाइस चेयरमैन देवीदयाल बरसाना, कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश भाणा, वन खंड अधिकारी मनीष कुमार, महेन्द्र सिंह चीमा, राजकुमार जाखौली, मार्केट कमेटी सचिव सतबीर राविश, एसडीओ इंद्रराज पंवार, डॉ अमन बंसल, पतंजलि प्रभारी गुरमीत सिंह, प्रशिक्षक सतनाम सिंह, योग कोऑर्डिनेटर संदीप राज राणा , मेहताब सिंह पीटीआई, विनोद , राजीव, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## योग मानसिक शांति, आत्मिक उन्नति एवं अनुशासित जीवन का आधार : अमरजीत

कैथल। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हुडा सेक्टर-20 कैथल में पतंजलि योगपीठ के तत्वावधान तथा श्री खाटू श्याम सालासर सेवा समिति द्वारा आयोजित 15 दिवसीय योग शिविर में हरियाणा प्रदेश राइस मिलर्स एंड डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर अमरजीत छाबड़ा ने सैकड़ों योग साधकों के साथ सामूहिक योग एवं प्राणायाम कर योग के महत्व पर प्रकाश डाला। अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्मिक उन्नति एवं अनुशासित जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन योग परंपरा आज पूरे विश्व को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखा रही है और प्रत्येक व्यक्ति को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। अमरजीत छाबड़ा ने उपस्थित लोगों को स्वदेशी अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि योग और स्वदेशी दोनों भारत की आत्मा हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी बल मिलेगा। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और स्थानीय उद्योगों एवं किसानों का समर्थन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि स्वस्थ शरीर, स्वच्छ विचार और स्वदेशी जीवनशैली ही एक सशक्त राष्ट्र की नींव है। उन्होंने युवाओं से योग, संस्कार और राष्ट्रहित को जीवन का अभिन्न अंग बनाने की अपील की।


मुख्यातिथि प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा योग साधकों के साथ योग करते हुए।


सेक्टर 20 हुड्डा पार्क में मंच पर उद्घोष करते पदाधिकारी।

## योग से हमारा तन ही नहीं, आत्मा भी पवित्र होती है : कैलाश भगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

महिला पंतजलि योग समिति कैथल द्वारा जाट स्कूल कैथल में तथा पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में पतंजलि योग समिति, भारतस्वाभिमान जिला कैथल व खाटू श्यामसालासर सेवा समिति के सहयोग से सेक्टर 20 हुड्डा पार्क में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। जाट स्कूल में शिविर का शुभारंभ प्रसिद्ध समाजसेवी कैलाश भगत तथा नारायण सेवा संस्थान के संचालक डा. विवेक गर्ग ने किया।

इसमें हजारों लोगों ने भाग लिया सर्वप्रथम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश पढ़कर सुनाया गया। समिति द्वारा टी शर्टस का वितरण किया गया। इसके पश्चात अतिथि मंडल कैलाश भगत समाजसेवी अमरजीत छाबड़ा व इनेलो के जिला अध्यक्ष अनिल तंवर क्योडक ने दीप प्रज्वलित करके शिविर का1 शुभारंभ किया।

कैलाश भगत ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की आए हुए साधकों को बधाई दी और कहा की योग से हमारा तन ही नहीं, आत्मा भी पवित्र होती है सकारात्मक सोच बनती है। पतंजलि योग समिति व खाटू श्याम सालासर सेवा समिति को व राइस मिल एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबडा ने आए हुए साधकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी व आयोजकों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि योग हमारी सांस्कृतिक धरोहर है लेकिन वर्तमान समय में इसका प्रचार प्रसार परम पूज्य स्वामी रामदेव महाराज ने और पूरे विश्व के अंदर माननीय नरेंद्र मोदी ने इसका डंका बजाया और अब जन-जन तक योग पहुंच चुका है।

भारत स्वाभिमान प्रभारी शिविर संयोजक रामचरण व युवा जिला प्रभारी अनिल गुप्ता ने योग प्रोटोकॉल करवाया। गुरुकुल कुरुक्षेत्र से आए जसविंदर आर्य की टीम ने यज्ञ किया और भजन रखें। शिविर प्रबंधन में बदन सिंह आर्य, वीरभान कौशिक, चिराग बंसल, सुभाष कंसल, राजीव चौधरी, सतपाल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल में उत्साह और उमंग के साथ मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल में योगासन करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल, कैथल में पिछले 12 वर्षों से निरंतर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विद्यालय परिसर में 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह, अनुशासन एवं सहभागिता के साथ मनाया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम योगा फॉर हेल्दी एजिंग स्वस्थ आयु केलिए योग) रहा, जिसका उद्देश्य सभी आयु वर्ग के लोगों को स्वस्थ, सक्रिय एवं संतुलित जीवन के लिए योग अपनाने के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों, अध्यापकों तथा अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं आध्यात्मिक क्रियाओं का अभ्यास किया। योगाभ्यास के दौरान शरीर, मन एवं आत्मा के संतुलन पर विशेष बल दिया गया।विद्यालय के योग प्रशिक्षक ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम की विधियों का अभ्यास करवाया तथा उनके लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम कर व्यक्ति के जीवन में सकारात्मकता और ऊर्जा का संचार भी करता है। उन्होंने विशेष रूप से इस वर्ष की थीम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था का आधार है तथा यह जीवन के प्रत्येक चरण में व्यक्ति को स्वस्थ रहने में सहायता प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को योग के वैज्ञानिक महत्व, दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता तथा स्वास्थ्य संवर्धन में इसकी भूमिका के बारे में भी जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने योग के प्रति गहरी रुचि दिखाते हुए नियमित योगाभ्यास करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रतिज्ञा के साथ हुआ।

## प्राचीन संस्कृति और परंपरा की अमूल्य धरोहर है योगः कुलवंत बाजीगर

पूंडरी। रविवार को पूंडरी अनाज मंडी में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा उपस्थित लोगों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। योग भारत की प्राचीन संस्कृति और परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरे विश्व में अपनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री ने देश व प्रदेश में योग की अलख जगाई है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के लिए योग सबसे प्रभावी माध्यम है। योग विशेषज्ञ सुरजन सिंह ने प्रोटोकॉल अनुसार योग की क्रियाएं करवाई।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया इस अवसर पर मार्किट कमेटी के चैयरमैन सुभाष हजवाना, बीडीपीओ राज सिंह, प्रिंसिपल धर्म सिंह, किरनदीप, सुरजन सिंह, विवेक, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।



## डीएवी कॉलेज में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



पूंडरी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य अतिथि को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ राजेश तुरान व अन्य। फोटो : हरिभूमि

डीएवी कॉलेज पूंडरी में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बडे उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद कैथल के चेयरमैन कर्मवीर कौल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ राजेश तुरान ने की। इस अवसर पर योग शिक्षक की भूमिका में टेकचंद, डॉ बबीता, सिंह, शुभम ने उपस्थित योग साधकों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के बारे में जानकारी दी। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे कर्मवीर कौल ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है जो व्यक्ति को स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा देती है। उन्होंने सभी से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आहवान किया। प्राचार्य मेजर डॉ राजेश तुरान ने योग दिवस के सफल आयोजन पर सभी प्रतिभागियों, योग प्रशिक्षकों एवं आयोजन समिति को बधाई दी। उन्होंने बताया कि डीएवी कॉलेज प्रबंधक समिति के यशस्वी प्रधान पद्मश्री डॉ पूनम सूरी जी के मार्गदर्शन एवं दिशानिर्देशानुसार डीएवी कॉलेज पूंडरी परिसर में नियमित रूप से योगाभ्यास कराया जा रहा है। मुख्य अतिथि कर्मवीर कौल को ओ३म का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर डॉ राजेश कुकरेजा, हिशम सिंह भुक्कल पार्षद प्रतिनिधि पूंडरी, विनोद बंसल अध्यक्ष भारत विकास परिषद आदि शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कॉलेज प्राध्यापक दीपक आर्य ने कार्यक्रम का प्रभावशाली मंच संचालन किया।

## कैथल में बारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

कैथल। एनआइआइएलएम विश्विवद्यालय कैथल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त स्टाफ, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉआरके. गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में असिस्टेंट रजिस्ट्रार एग्जाम डॉ. संजीव नरवाल, डीन डॉ. रेखा गुप्ता, डीन डॉ. गौतम, कैप्टन अनिल, एडमिशन डायरेक्टर राजेंद्र गोयत, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ मनोज कुमार उपस्थित रहे। योग सत्र का संचालन आयुष विभाग के योगाचार्य संदीप ने किया। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बलकार सिंह के नेतृत्व में छात्रों ने विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। मुख्य अतिथि डॉआरके. गुप्ता ने बताया कि सभी प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग को जीवनशैली में अपनाने का संकल्प लिया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने योग दिवस को सफल बनाने के लिए सभी विभागों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।



## एसडीएम संजय दत्रवाल ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीवन में खंड स्तरीय योग दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 500 विद्यार्थियों, अभिभावकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैथल के एसडीएम संजय दत्रवाल रहे। विद्यालय पहुंचने पर उनका विद्यालय परिवार द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश भी दिया। योग कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक योगाभ्यास से हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इसके पश्चात आयोजित विचारगोष्ठी एवं सेमिनार में योग के महत्व, स्वास्थ्य लाभों तथा दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश ढुल, डॉ. संदीप मेहता तथा डॉ. प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में पूरे आयोजन का सफल संचालन किया गया।

## ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन

पूंडरी। चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में आज योग क्लब और शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' अत्यंत उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्राओं ने निर्धारित 'योग प्रोटोकॉल' का पालन करते हुए विभिन्न योगासनों का शानदार और अनुशासित प्रदर्शन किया और योग के प्रति अपनी जागरूकता दिखाई। महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक तेजवीर सिंह और प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने इस सफल आयोजन के लिए शारीरिक शिक्षा विभाग, योग क्लब और सभी प्रतिभागियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।



## संत कबीर शिक्षा केंद्र पर मनाया गया योग दिवस, किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



आज नर नारायण सेवा समिति द्वारा संचालित संत कबीर शिक्षा केंद्र पर 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' का आयोजन बेहद उत्साह के साथ किया गया। इस विशेष अवसर पर समिति के सदस्य, शिक्षक और बच्चे भारी संख्या में उपस्थित रहे। दयानंद आश्रम के गणमान्य अतिथियों ने सिखाए योग के गुरः

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और योग प्रशिक्षक के रूप में दयानंद आश्रम से पधारे शिव कुमार जी ने बच्चों और उपस्थित सदस्यों को विभिन्न योग आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग को दिनचर्या में शामिल करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर दयानंद आश्रम की तरफ से नवीन मित्तल राजेश शर्मा और राजेंद्र जी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## ब्राह्मण समाज को एकजुट करने का दिया संदेश

कैथल। जिला सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में प्रधान विक्की शर्मा की अध्यक्षता में ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज की एकता, संगठन विस्तार और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश एवं विभिन्न जिलों से आए समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लेते हुए सामाजिक समरसता और संगठनात्मक मजबूती का संकल्प लिया। प्रदेश अध्यक्ष जिले सिंह पिचोलिया ने कहा कि वर्तमान समय में समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता एकजुटता है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदैव राष्ट्र निर्माण, शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों के संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाई है। समाज के सभी वर्गों को व्यक्तिगत मतभेदों से ऊपर उठकर संगठन के हित में कार्य करना चाहिए।

### कैथल के 95 हजार 797 किसानों के खातों में पहुंची धनराशि

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी

## किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग करने की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। कृषि विज्ञान केंद्र कार्यक्रम में एमडी शूगर मिल कृष्ण कुमार व अन्य।

कृषि विज्ञान केंद्र में किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम मे चीनी मिल कैथल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत देशभर के 9.44 करोड़ किसानों के खातों में लगभग 18,880 करोड़ रुपये की राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। वहीं कैथल जिले के 95,797 किसानों को 23वीं किस्त के रूप में 19.16 करोड़ रुपये सीधे उनके बैंक खातों में भेजे गए हैं। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. रमेश चंद्र वर्मा ने खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग, धान की सीधी बिजाई तथा प्राकृतिक खेती अपनाने के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उप कृषि निदेशक डॉ. रविंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत 24 फरवरी 2019 को हुई थी। योजना के लागू होने से अब तक कैथल जिले के किसानों के खातों में 483.80 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से भेजे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 से लागू प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिले के 1,10,337 किसानों को अब तक 124 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जा चुका है। वहीं फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत वर्ष 2014 से अब तक 13,500 कृषि यंत्रों पर 485 करोड़ रुपये का अनुदान प्रदान किया गया है। इस योजना के सकारात्मक परिणामस्वरूप पराली जलाने की घटनाएं वर्ष 2019 के 1,258 मामलों से घटकर वर्ष 2025 में मात्र 72 रह गई हैं।

## जापान में गूंजा श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश, झलकी भारतीय संस्कृति

■ अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल हुए अशोक गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



हरियाणा के वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने जापान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में भारतीय संस्कृति और अध्यात्म की वैश्विक स्वीकार्यता का संदेश दिया। इस दौरान आयोजित गीता सेमिनार में देश-विदेश से पहुंचे विद्वानों, संतों और श्रद्धालुओं ने श्रीमद्भगवद्गीता के दिव्य संदेशों पर अपने विचार साझा किए। अशोक गुर्जर ने बताया कि गीता सेमिनार का अनुभव अत्यंत अद्भुत, प्रेरणादायक और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देने वाला रहा। कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के आशीर्वचनों ने सभी उपस्थित लोगों को धर्म, कर्तव्य और मानव कल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि स्वामी ज्ञानानंद महाराज के विचारों ने गीता के वास्तविक स्वरूप और उसकी वैश्विक प्रासंगिकता को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मंच पर उपस्थित सभी सम्मानित वक्ताओं ने श्रीमद्भगवद्गीता के जीवनोपयोगी संदेशों पर गहन और सारगर्भित विचार रखे। उनके उद्बोधनों को सुनकर यह स्पष्ट हुआ कि गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता को दिशा देने वाला जीवन दर्शन है।

## राजौंद में क्षत्रिय सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा स्थापित

राजौंद। राजौंद नगर पालिका के साथ लगती पार्क में सम्राट मिहिर भोज जी की प्रतिमा की स्थापन अखिल भारतीय क्षत्रिय युवा सभा राजौद द्वारा की गई। मूर्ति की लम्बाई 14 फूट, वजन 500 किलो ग्राम फाईवर मेटिरियल की है। यह प्रतिमा।आईयूआरएफ की भारतीय इकाई की तरफ़ से भेंट की गई। इसके लिए सभी क्षत्रिय समाज के लोगों ने इस इकाई का धन्यवाद किया। सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके गौरवशाली इतिहास को याद किया। सम्राट मिहिर भोज एक महान योद्धा, कुशल शासक और राष्ट्र रक्षक थे, जिनका जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। लोगों ने कहा कि सम्राट मिहिर भोज ने देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## खबर संक्षेप



### संस्था ने चलाया स्वच्छता अभियान

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट आर्फ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने जींद के गोहाना रोड पर रानी तालाब से पुराना बस स्टैंड एरिया में स्वच्छता अभियान और जागरूकता अभियान चलाया। सेव संस्था द्वारा चलाए 470वां अभियान संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया। संस्था सदस्यों ने स्वच्छता का महत्व समझाते हुए लोगों को कूड़ा डस्टबिन में डालने का आह्वान किया। संस्था के सदस्यों ने लोगों को समझाया कि स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है। इस जिम्मेदारी को सभी ने मन से निभाना चाहिए। हर आदमी ने हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में ही डालना चाहिए। जब सभी लोग डस्टबिन का प्रयोग करेंगे तभी स्वच्छता रहेगी। वह डस्टबिन नगर परिषद की गाड़ी को ही देना चाहिए।

### परशुराम मंदिर में हुई मूर्ति स्थापना

**जींद।** जुलानारू कस्बे के हांसी रोड स्थित नव निर्मित भव्य परशुराम मंदिर में रविवार को मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी मुख्यअतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राह्मण सभा के प्रधान देवेंद्र शर्मा ने की। वहीं पूर्व सांसद रमेश चंद्र कौशिक, बादली के विधायक कुलदीप वत्स तथा हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

### बूथ स्तर पर साझा होंगी एएसडी सूचियां: डीसी

**कैथल।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अपराजिता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिले में मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए बूथ स्तर पर अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत अथवा डुप्लीकेट मतदाताओं की सूचियां राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों के साथ सांझा की जाएंगी। उन्होंने बताया कि यह सूची उन मतदाताओं की है जिनसे बीएलओ द्वारा तीन या अधिक बार घर-घर जाकर संपर्क करने तथा संबंधित राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों द्वारा भी प्रयास किए जाने के बावजूद संपर्क नहीं हो सका। इन मतदाताओं की वास्तविक स्थिति का सत्यापन कर किसी भी प्रकार की त्रुटि को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होने से पहले ही दूर किया जाएगा। डीसी अपराजिता ने बताया कि जिले के 807 बूथ लेवल अधिकारी 1471 बूथ लेवल एजेंटों के साथ बूथ वार बैठकें आयोजित कर एएसडी सूचियां उपलब्ध कराएंगे। इसका उद्देश्य प्रत्येक मतदाता की सही स्थिति का निर्धारण करना है।

## 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नई अनाज मंडी में हुआ जिला स्तरीय समारोह

# योग भारत की संस्कृति का अमूल्य उपहार: पवार

**योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समन्वय की समग्र जीवन पद्धति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पवार ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति, परंपरा और ज्ञान का अमूल्य उपहार है। जिसने संपूर्ण विश्व को स्वस्थ जीवन और मानसिक संतुलन का मार्ग दिखाया है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नही बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समन्वय की एक समग्र जीवन पद्धति है। हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पवार रविवार को अंतरराष्ट्रीय 12वें योग दिवस के उपलक्ष में रविवार को रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी में जिला स्तरीय योग दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस वर्ष की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग एवं योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा के साथ किया गया।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के योग दिवस संबोधन का लाइव टेलीकास्ट भी किया गया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग को वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व पहचान मिली है। साथ ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य, फिटनेस एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रमों को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे नागरिकों में योग के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ी है। योग विश्व को महान भारतीय परंपरा का अमूल्य उपहार है। योग हजारों वर्षों से हमारे जीवन संस्कृति और ज्ञान परंपरा का अभिन्न अंग रहा है। कोरोना महामारी के दौरान भी पूरी दुनिया ने योग की शक्ति को अनुभव किया। जब लोग तनाव, भय और अनिश्चितता से जूझ रहे थे तब योग ने मानसिक शांति प्रदान की।



**जींद।** चोट के बावजूद कुर्सी पर बैठ कर योग करते हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पवार।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को मिली वैश्विक पहचान : ज्योति सैनी



**राजौंद।** भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि आज पूरा विश्व योग उत्सव मना रहा है, जो प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों से भारत की प्राचीन योग परंपरा को वैश्विक पहचान मिली है और आज विश्व के अनेक देशों में करोड़ों लोग योग को अपने जीवन का हिस्सा बना चुके हैं। योग ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को पूरे विश्व में नई पहचान दिलाई है। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी रविवार को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जखौली के खंड स्तरीय कार्यक्रम में संबोधित कर रही थी। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा क्षेत्र के नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का सामूहिक अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### जुलाना की नई अनाज मंडी में किया योगाभ्यास

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की नई अनाजमंडी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम होशियार सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में समाज कल्याण बोर्ड हरियाणा के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी ने शिरकत की। कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि योग व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास का एक प्रभावी माध्यम है। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने तक सीमित नहीं है बल्कि यह जीवन में सकारात्मक ऊर्जाए मानसिक शांति और संतुलन स्थापित करने का भी कार्य करता है। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से अनेक बीमारियों से बचाव संभव है तथा व्यक्ति तनाव मुक्त जीवन जी सकता है। कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में लोग अनेक शारीरिक और मानसिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ऐसे समय में योग एक प्रभावशाली उपाय बनकर सामने आया है, जो व्यक्ति को स्वस्थ और तनावमुक्त जीवन प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि योग केवल गंभीर बीमारियों से राहत देने में ही सहायक नहीं है बल्कि यह मानसिक तनाव को दूर कर मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है।



**जुलाना।** कार्यक्रम में योग करते योगेश बैरागी व अन्य।

### योग मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को पूंडरी अनाज मंडी में 12वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए लोगों को योग दिवस की शुभकामनाएं दीं और नियमित योग अपनाने का संदेश दिया। स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन और सकारात्मक जीवनशैली का भी आधार है। योग भारत की प्राचीन संस्कृति और परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज विश्वभर में सम्मान और स्वीकार्यता मिल रही है। कार्यक्रम के दौरान योग विशेषज्ञ सुरजन सिंह ने निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन और प्राणायाम करवाए। उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वास्थ्य और फिटनेस का संदेश दिया।



**पूंडरी।** कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर का स्वागत करते सदस्य।



### योग दिवस पर छात्राओं ने किया योग

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग विषय के अंतर्गत 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की एनसीसी विंग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेविकाओं तथा अन्य छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग सत्र की शुरुआत वार्मअप अभ्यास से हुई। जिसके पश्चात विभिन्न योग मुद्राओं, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। सहायक प्राध्यापिका नीलम ने योग सत्र का संचालन करते हुए छात्राओं को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, त्रिकोणासन, पवनमुक्तासन तथा शवासन का अभ्यास करवाया। उन्होंने प्रत्येक आसन की विधि एवं उससे होने वाले स्वास्थ्य लाभों की जानकारी भी दी। योग दिवस पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा और ज्ञान का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### शरीर व मन के बीच संतुलन बनाता है योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अतिरिक्त अनाज मंडी में किया गया। डीसी अपराजिता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि पूर्व विधायक लीलाराम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डीसी अपराजिता ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर एवं संपूर्ण जीवन पद्धति है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करती है।



**कैथल।** पूर्व विधायक लीला राम तथा डीसी अपराजिता योग में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

**अच्छा कार्य करने वाले प्रतिभागियों को किया सम्मानित**

शिक्षा विभाग से पीटीआई व डीपीई पवन कुमार, गौरव शर्मा, दिलबाग सिंह, नरमेल सिंह, राकेश कुमार, बलजीत मलिक, जितेंद्र कुमार, रविंदर, हकीकत राय, मनोज कुमार, दिलबाग, योग संगठन से अनिल राणा, अनिल गुप्ता, वीरभान कौशिक, शांति चौधरी, सुनीता शर्मा, सतपाल भारद्वाज, अमर राविश, कुलदीप धीमान, विनोद कुमार, खेल विभाग से गुरमीत सिंह, कर्मवीर व प्रशांत को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास





**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूनम सुनेजा के मार्गदर्शन में जिला बार एसोसिएशन जींद में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित योग सत्र में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सौरभ गुप्ता, अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिवीजनविवेक सिंह एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट पारिंद्र सिंह सहित न्यायिक अधिकारियों ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति की सहायक नीलम, बार एसोसिएशन के सदस्य नरेंद्र कंसल, राममेहर श्योकंद, शमशेर नेहरा, रविंद्र ढाकल, हरिओम भारद्वाज एवं पूनम राव सहित अधिवक्ता, जिला न्यायालय तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। योग दिवस के अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया।

## कांग्रेस सांसद व भाजपा नेता आमने-सामने

- ओवरब्रिज का श्रेय लेने की दोनों नेताओं में लगी होड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे की परशुराम धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जुलाना में बनने वाले रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण को लेकर कांग्रेस और भाजपा नेताओं के बीच श्रेय लेने की होड़ देखने को मिली। सोनीपत से कांग्रेस सांसद सतपाल ब्रह्मचारी और हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी रेलवे ओवरब्रिज के मुद्दे पर आमने-सामने आ गए। जिससे कुछ देर के लिए कार्यक्रम का माहौल गर्मा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि जुलाना में रेलवे ओवरब्रिज की मांग को लेकर उन्होंने कई बार संसद में आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि लोकसभा की कार्यवाही देखकर इसकी पुष्टि की जा सकती है। सांसद ने कहा कि जुलाना में रेलवे फाटक पर अक्सर लंबा जाम लगता है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ओवरब्रिज बनने से क्षेत्र के लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी और यातायात सुगम होगा। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि रेलवे मंत्रालय ने उनकी मांग को स्वीकार किया है।



**जुलाना।** मंच पर बैठे कांग्रेस सांसद और अन्य नेतागण। *फोटो: हरिभूमि*

## सुरजाखेड़ा पहुंची निःशुल्क अस्पताल वैन

- बड़ी संख्या में पहुंचे मरीज, चिकित्सकों ने जांच कर दीं दवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

गांव कलौदा कलां से शुरू हुए मानव सेवा का इस अभियान के तहत नरवाना विधानसभा में दो दर्जन से ज्यादा गांव व नरवाना शहर के इलाकों में शिविर आयोजित कर चुका है। रविवार को नरवाना विधानसभा के गांव सुरजा खेड़ा में पहुंचे इस चलते-फिरते अस्पताल में ग्रामवासियों को पूरी तरह निःशुल्क चिकित्सा जांच और दवाइयां वितरित की गईं। इस ऐतिहासिक कैंप का शुभारंभ वरिष्ठ कांग्रेस नेता बृजेंद्र सुरजेवाला द्वारा रिबन काटकर किया गया। गौरतलब है कि नरवाना क्षेत्र में इस निःशुल्क आदित्य सुरजेवाला मोबाइल अस्पताल वैन सेवा के संचालन व्यवस्था को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला जिम्मेदारी के साथ निभा रहे हैं। गांव सुरजाखेड़ा में इस वैन के साथ में नरवाना जयराम हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर्स आदित्य सुरजाखेडा डॉ. गरिमा (एमबीबीएस) और स्टाफ की टीम ने भी अपनी सेवाएं दी। इस टीम द्वारा मौके पर ही रोगियों का मैडिकल चेकअप करके दवाइयां द्वारा इलाज किया गया। सुबह से ही कैंप में लोगों की भारी भीड़ देखी गई। डॉक्टरों की टीम ने सैकड़ों मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर, सामान्य बीमारियां और अन्य जांचें कीं तथा मौके पर ही जरूरी दवाइयां मुफ्त प्रदान कीं।




**नरवाना।** गांव सुरजाखेड़ा पहुंचा आदित्य सुरजेवाला चलता फिरता अस्पताल।

**घर के पास सुविधा**

इस अवसर पर राकेश सरपंच, सुभाष सुरजाखेड़ा, विकास सुरजाखेड़ा, शांति देवी, सुनीता, राजीव, पवन ने कहा कि घर के पास ही इतनी अच्छी सुविधा मिल जाए, इससे बड़ा सौभाग्य क्या हो सकता है। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता बृजेंद्र सुरजेवाला ने बताया कि यह मोबाइल अस्पताल नरवाना हलके के हर गांव और हर वार्ड तक पहुंचेगा ताकि गरीब और जरूरतमंद लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं घर-द्वार पर मिल सकें। हमारा लक्ष्य है कि जरूरतमंदों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं घर के नजदीक ही मिल जाए ताकि वो अपनी स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं की सुविधा ले सकें।

### बरसाना के दंपत्ति को कनाडा भेजने के नाम पर 4.96 लाख ठगे, मामला दर्ज

**कैथल।** गांव बरसाना के एक दंपती को कनाडा भेजने के नाम पर 4.96 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में एजेंट के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दंपती का आरोप है कि सोशल मीडिया पर संपर्क में आए एक व्यक्ति ने कनाडा भेजने का झांसा देकर पहले बैंक खाते में 2.96 लाख रुपए ट्रांसफर करवाए और बाद में दिल्ली एयरपोर्ट पर अपना व्यक्ति भेजकर 2 लाख रुपए नकद भी ले लिए। इसके बावजूद न तो वीजा मिला और न ही टिकट। पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने जान से मारने और एयरपोर्ट पर पकड़वाने की धमकी दी। दंपती की शिकायत पर पूंडरी थाना पुलिस ने एक एजेंट के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बरसाना के गुरमीत सिंह ने बताया कि वह और उसकी पत्नी विदेश जाने के इच्छुक थे। इसका फायदा उठाकर आरोपी ने उनसे रुपये ठग लिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### ट्रक चालक से 2.45 लाख ठगे, केस दर्ज

**कैथल।** साइबर ठगों ने रिश्तेदारी का सहारा लेकर एक ट्रक चालक से 2.45 लाख रुपए ठग लिए। साइबर पुलिस को दी शिकायत में गांव भानपुरा के सुरेश कुमार ने बताया कि उसका बैंक ऑफ इंडिया में खाता है। 11 मई को फेसबुक मैसेंजर आईडी पर दीपा राव नाम की आईडी से मैसेज आया, जिस पर उसके भतीजे संदीप उर्फ दीपा की फोटो थी। उसने खुद को स्पेन में मौजूद संदीप बताया और आधार कार्ड की फोटो मांग ली। इसके बाद उसके मोबाइल पर 10.40 लाख रुपए खाते में जमा होने की रसीद भेजी, जिसमें उसका मोबाइल नंबर और आधार नंबर भी दर्ज था। फिर जरूरत बताते हुए रुपये ट्रांसफर करा लिए। बाद में उसे शक हुआ तो शिकायत दर्ज कराई।

**सख्ती** व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए पीएमओ को दिए दिशा-निर्देश

# सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने जिला नागरिक अस्पताल कैथल का किया औचक निरीक्षण

- मरीजों को गर्मी से बचाने के लिए की गई व्यवस्थाएं देखीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

रविवार को सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के प्रकोप के मद्देनजर जिला नागरिक अस्पताल कैथल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में मरीजों तथा उनके अटेंडेंट्स को गर्मी से राहत देने के लिए उपलब्ध कराई गई विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया। सिविल सर्जन ने अस्पताल परिसर में व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रधान चिकित्सा अधिकारी तथा अस्पताल को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए।



**कैथल।** सीएमओ डा. रेनू चावला नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करते हुए।

**वेटिंग हॉल देखा**

सिविल सर्जन ने स्वयं इस नए वेटिंग हॉल का बारीकी से निरीक्षण किया और बताया कि अक्सर देखा जाता है कि मरीज के वार्ड में दाखिल होने के बाद उनके परिजनों को भीषण गर्मी में बरामदों या खुले क्षेत्रों में परेशान होना पड़ता था। इस असुविधा को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए प्रशासन ने इस अत्याधुनिक वेटिंग हॉल का निर्माण किया है, जहाँ बैठने के उत्तम प्रबंध के साथ-साथ शीतल एवं स्वच्छ पेयजल (वाटर कूलर) की चौबीसों घंटे व्यवस्था रहेगी।

**ठीक कराएं एसी**

सिविल सर्जन ने कहा कि यदि कोई भी एसी या एयर-कूलर खराब होता है, तो बिना समय गंवाए उसे तुरंत ठीक करवाया जाए। जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती होने वाले सभी मरीजों की आयुष्मान पात्रता (एलिजिबिलिटी) की गहनता से जाँच सुनिश्चित की जाए। माननीय महानिदेशक और सीईओ आयुष्मान भारत के निर्देशों की पालना करते हुए अस्पताल प्रशासन आयुष्मान योजना के अंतर्गत बुक किए जा सकने वाले पात्र केसों की संख्या में बढ़ोतरी (वृद्धि) करना सुनिश्चित करे।